an>

Title: Need to provide stoppage of Garib Rath Express (Train No. 12909/12910) at Bharatpur Junction, Rajasthan.

श्री बहादुर सिंह कोली (भरतपुर) ः गाड़ी संख्या 12910 व 12909 (गरीब रथ) बम्बई से चलकर भरतपुर जंक्शन पर सुबह 6.45 पर आती है तथा निजामुद्दीन (दिल्ली) से चलकर भरतपुर जंक्शन पर शाम 5.15 पर आती है। भरतपुर संभाग मुख्यालय है तथा भरतपुर में घाना पक्षी विहार जो विश्वविख्यात है, उसे देखने प्रतिदिन बहुत बड़ी संख्या में देशी एवं विदेशी पर्यटक आते हैं, लेकिन गरीब रथ का ठहराव भरतपुर में नहीं होने के कारण बहुत परेशानी होती है। अतः मेरा मंत्री से अनुरोध है कि गरीब रथ का ठहराव भरतपुर जंक्शन पर कराये जाने की कृपा करें।